# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम लेवड़ी की महिलाओं/ बालिकाओं को एकत्रित कर महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 17.07.2026 को थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम लेवड़ी की बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया । जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम -**

1.उ0नि0 तालीमुद्दीन खाँ

2.हे0 का0 धनंजय दुबे

3. रि. म. आ. पूजा यादव

# प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना लोटन पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान (IPS) क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में हरिओम कुशवाहा थानाध्यक्ष लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 17.07.2026 को चौकी इंचार्ज हरिवंशपुर उ0नि0 राहुल गुप्ता मय फोर्स व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सिसवा शिवभारी की बालिकाओं को साईबर जागरूकता तथा महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 17.07.2026 को थाना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सिसवा शिवभारी की बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम**

1. उ0नि0 सोमनाथ शर्मा
2. का0 शकीम अंसारी
3. रि0 म0 आ0 अंजली वर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत M.R. मेमोरियल पब्लिक स्कूल मैनिहवा मे जन चौपाल लगाकर उपस्थित बालक, बालिकाओं को जागरूक किया गया व जागरुकता अभियान के पोस्टर चस्पा किये गये ।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान  के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व *श्री मयंक द्विवेदी* क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व श्री अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समय माता के नेतृत्व में  आज दिनांक 17.07.2026 को "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0 "/ मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के  तहत उदघोष नारी सुरक्षा,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन मिशन के तहत M.R.मेमोरियल पब्लिक स्कूल मैनिहवा ब्लॉक इटवा थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर मे मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण का "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान "  उदघोष नारी सुरक्षा,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन के तहत बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित एकत्रित महिलाओ की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया जिसमें स्कूल के लगभग 85 बालक बालिकाएं  व अध्यापक, अध्यापिकाएं उपस्थित रहे जिनके द्वारा इस  कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्म विश्वास को मजबूत करते है तथा हमे अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है ।  सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो/बाजारो/कोचिंग संस्थान व  को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/अभ्रदता/अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे  1090  वुमेन पावर हेल्पलाइन/ यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन/ 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन/ 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन / 102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए)/ 101 अग्निशमन हेल्पलाइन/ 1930 साइबर हेल्पलाइन/ 14567 एल्डर हेल्पलाइन/ 9454458050 थाने का सीयूजी नंबर / 9454408325 सीयूजी नंबर मिशन शक्ति केन्द्र से सम्बन्धित सेवाओं  व  बृहद स्तर पर चलाये जा रहा "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान " सम्बन्धी अभियान के तहत शून्य एफआईआर' (Zero FIR) की अवधारणा, E-FIR, समयबद्ध न्याय,  महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान(कवच परियोजना), नये अपराध,  प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एंव हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये।

**इस दौरान**

उ0नि0नागेन्द्र प्रसाद यादव म0का0मीरा रानी,

रिक्रूट म0का0 प्रिया आदि अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में , श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 17.07.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो के तहत थानाक्षेत्र लोटन के बनियाडीह ,लोटन बाजार ,मोहाना बाजार ,बर्डपुर बाजार, मधुबेनिया, पुरानी नौगढ़ आदि स्थानों पर महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.उपनिरीक्षक मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड

02. महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्य

02.महिला आरक्षी नेहा सिंह एंटी रोमियो स्क्वाड

## प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 17.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 04 भूमि विवाद, 03 भूमि विवाद व शेष 08 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ए0एच0टी0 थाना सिद्धार्थनगर पुलिस टीम द्वारा बुद्ध विद्यापीठ इण्टर कालेज बर्डपुर मे छात्र छात्राओं को किया गया जागरुक तथा कस्बा बर्डपुर में जागरुकता रैली निकाली गयी।**

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0, लखनऊ द्वारा निर्गत निर्देश के क्रम में बालश्रम रोकथाम व ऑपरेशन रक्षा अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 17.07.2026 को डॉ0अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक/नोडल अधिकारी के निर्देशन में थाना ए0एच0टी0 से प्र0नि0 रवीन्द्र सिंह व हे0का0 अमित कुमार त्रिपाठी, म0हे0का0 प्रिया तिवारी, का0 आशुतोष सिंह व म0का0 ममता ,श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी जितेन्द्र कुमार मय टीम व बाल कल्याण समिति तथा NGO के साथ बुद्ध विद्यापीठ इण्टर कालेज बर्डपुर जनपद सिद्धार्थनगर में छात्र तथा छात्राओं को बाल श्रम, महिला हेल्पलाइन,चाइल्ड लाइन, साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया तथा कस्बा बर्डपुर में रैली निकाली गई। दुकानदारों को हिदायत की गई कि किसी भी दशा में बालश्रम न कराया जाये। अभियान के दौरान आस-पास के दुकानदारों व आम-जनमानस को मानव तस्करी, बालश्रम, बालभिक्षावृत्ति, बालविवाह, बच्चा चौरी, जहरखुरानी तथा हेल्प लाइन नं0-112,1098,1090,181,1076 से जागरूक किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान के अन्तर्गत आज दिनांक 17.07.2026 को पुलिस लाइन सभागार कक्ष सिद्धार्थनगर में जनपद के पुलिस पेंशनर्स की त्रैमासिक गोष्ठी आयोजित की गई। पुलिस पेंशनर की समस्याओं और सुझाव को सुनकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वासन दिया कि पुलिस पेंशनरों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। पुलिस पेंशनर्स को अवगत कराया गया कि बीट पुलिस अधिकारी के गांव में पहुंचने पर उसका अपेक्षित सहयोग करें। प्रचलित साइबर अपराधों के संबंध में सभी को सचेत किया गया तथा अपना ओटीपी किसी को भी शेयर ना करने के लिए बताया गया। सभी से अनुरोध किया गया कि पुलिस के कार्यों का जनता में फीडबैक तथा सुझाव भी देते रहें। गोष्ठी के दौरान विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर, राजकुमार सिंह क्षेत्राधिकारी कार्यालय, प्रतिसार निरीक्षक बी. एन. गुप्ता, सहित पुलिस पेंशनर उपस्थित रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के समस्त थानों के ग्राम प्रहरी संग गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 17-07-2026 को पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर सभागार कक्ष में जनपद के समस्त थानों के ग्राम प्रहरी संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा समस्त ग्राम प्रहरी को उनके कर्तव्यों का बोध कराया गया तथा पुलिस एवं ग्राम प्रहरी के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर समाज में और बेहतर ढंग से काम कर सके जैसे विषयों पर चर्चा किया गया। ग्राम की सूचनाओं को त्वरित सूचनार्थ के लिए उनका उत्साहवर्धन किया गया। गोष्ठी में महोदय द्वारा ग्राम प्रहरियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके सुझावों पर चर्चा की गई। संदिग्ध व्यक्तियों, अवैध गतिविधियों, नशा तस्करी एवं महिला/बाल अपराधों की सूचना तत्काल संबंधित थाने को दें।महोदय ने ग्राम प्रहरियों को मिशन शक्ति, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा एवं सामुदायिक पुलिसिंग के बारे में जागरूक किया। साथ ही बीट पुलिसिंग को प्रभावी बनाने, रात्रि गश्त में सहयोग एवं त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनका सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना लोटन पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम चनरैया के छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष लोटन हरिओम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में ग्राम चनरैया के छात्र-छात्राओं को उनकी आयु के अनुरूप सरल एवं सहज भाषा में गुड टच एवं बैड टच के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित गुड टच होता है और कौन-सा असुरक्षित बैड टच, उन्हें यह भी समझाया गया कि यदि कोई व्यक्ति गलत तरीके से स्पर्श करे या असहज महसूस कराए, तो बिना डरे अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी विश्वसनीय बड़े व्यक्ति को तुरंत इसकी जानकारी दें तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस हेल्पलाइन की सहायता लें। एवं मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सम्बन्धित अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्पलाइन नंबरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर-**

1. का0 शिवपाल सिंह यादव
2. म0का0 पूजा वर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पण्डितपुर में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम पण्डितपुर की महिलाओं/ बालिकाओं बहु-बेटी सम्मेलन कर महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया उनको जागरूक किया तथा गांव की महिलाओं व बच्चियों के खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इटवा में महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 17.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा के नेतृत्व में मिशन शक्ति व साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इटवा में महिलाओं को एकत्रित कर के महिला सशक्तिकरण संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबरो 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई की जानकारी।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजेंद्र शाही
02.म0आ0 रंजना कोरी
03.म0आ0 साधना यादव

# प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के मोंटेसरी पब्लिक स्कूल औसानपुर की छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज तथा प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के मोंटेसरी पब्लिक स्कूल औसानपुर की छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से जागरूक किया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना लोटन मिशन शक्ति टीम द्वारा पारिवारिक विवाद का सफल निस्तारण करते हुए दोनो पति-पत्नी को पुनःसाथ रहने हुए राजी।**

आज दिनांक 17.07.2026 को थाना लोटन पर आवोदिका रोशनी पत्नी शैलेष कुमार, निवासी ग्राम तरघौना थाना कोतवाली लोटन, जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अपने पति के साथ चल रहे पारिवारिक विवाद के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया। आपसी मतभेद के कारण दोनों पिछले कुछ समय से अलग-अलग रह रहे है । प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष हरिओंम कुशवाहा के निर्देशन में थाना लोटन मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए आपसी संवाद स्थापित कराया गया तथा पारिवारिक जीवन के महत्व, विश्वास एवं आपसी सामंजस्य के संबंध में समझाया गया। पुलिस टीम के सकारात्मक एवं मानवीय प्रयासों के फलस्वरूप दोनों पक्षों ने अपने सभी मतभेद भुलाकर पुनः साथ रहने तथा भविष्य में सौहार्दपूर्ण एवं सुखद पारिवारिक जीवन व्यतीत करने की सहमति व्यक्त की। काउंसलिंग के उपरांत दोनों पति-पत्नी प्रसन्नतापूर्वक अपने घर के चले गये तथा थाना लोटन पुलिस के इस मानवीय, संवेदनशील एवं सराहनीय प्रयास के लिए परिजनो द्वारा धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना जोगिया उदयपुर द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के द्वारा चलाये जा रहे अभियान अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी के क्रम में एवं प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में अभय सिंह थानाध्यक्ष थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 94/2026 धारा 65(1)/87/137(2) BNS व 3/4 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजय पुत्र दूधनाथ ग्राम गोपालपुर टोला कैथवलिया थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज को थानाक्षेत्र के काला नमक ढाबा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.अजय पुत्र दूधनाथ ग्राम गोपालपुर टोला कैथवलिया थाना वृजमनगंज जनपद महराजगंज।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---**

01.उ0नि0 श्री अवधेश कुमार यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02.मुख्य आरक्षी श्रीनन्द यादव, जितेन्द्र सिंह थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढेबरुआ पुलिस के साथ शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र ढेबरुआ में पैदल गश्त मार्च किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 17.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी द्वारा प्रभारी निरीक्षक ढेबरुआ मय पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहार श्रावण मास एवं शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र में पैदल गश्त किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 17.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।